No. of Printed Pages/Questions: 12 / 14

# O. P. JINDAL SCHOOL, SAVITRI NAGAR

## Half Yearly Examination - (2025 – 2026 )

**Class IV / Sec: --------** **MM: 80**

**Subject: ----------------** **Time: 2:00 Hrs**

Name: ____________ Roll No.:__________

***(Fifteen***
***Minutes Extra will be given for reading the Question Paper.)***

सामान्य निर्देश:

1 इस प्रश्न पत्र में तीन खंड है – खंड क' ख, ग और घ |

2 चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।

3 यथासंभव चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशःलिखिए |

खंड 'क'

प्रश्न 1 गद्यांश को पढ़कर सही विकल्प पर ( √ ) का निशान लगाइए | **(1X7 =7 )**

स्वामी विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी सन 1863 को हुआ था | उनके घर का नाम नरेन्द्र दत्त था | उनके पिता श्री विश्वनाथ दत्त पाश्चत्य सभ्यता में विश्वास रखते थे | वे अपने पुत्र नरेन्द्र को भी अंग्रेजी पढ़कर पाश्चात्य सभ्यता के ढंग पर ही चलाना चाहते थे | नरेन्द्र की बुद्धि बचपन से ही तीव्र थी | और परमात्मा को पाने की लालसा भी प्रबल थी | इस हेतु वे ब्रह्म समाज में गए | किन्तु वहाँ उनके मन को संतोष नहीं हुआ | सन 1884 में श्री विश्वनाथ दत्त की मृत्यु हो गई | घर नरेन्द्र को देखना पड़ता था | घर की दशा बहुत खराब थी | उस समय नरेन्द्र का विवाह नहीं हुआ था | गरीबी में भी नरेन्द्र स्वंय भूखे रहकर गरीबों को भोजन कराते थे | वे स्वयं वर्षा में रातभर ठिठुरते पड़े रहते लेकिन अतिथि को अपने बिस्तर पर सुला देते थे |

(i) स्वामी विवेकानंद का जन्म कब हुआ था ?

क 13 जनवरी 1863 ख 12 जनवरी सन 1863

ग 13 जनवरी 1884 घ 13 फरवरी सन 1864

(ii) स्वामी विवेकानंद का घर का नाम क्या था ?

क महेंद्र ख खगेन्द्र

ग नरेन्द्र घ शैलेन्द्र

(iii) श्री विश्वनाथ दत्त किस सभ्यता पर विश्वास करते थे ?

क भारतीय ख आधुनिक

ग पाश्चात्य घ प्राचीन

(iv) नरेंद्र के पिता की मृत्यु के बाद घर किसको देखना पड़ता था ?

क स्वामी विवेकानंद ख शिवनाथ

ग विश्वनाथ दत्त घ जगन्नाथ

(v) स्वामी विवेकानंद को किसको पाने की लालसा प्रबल थी ?

क नौकरी ख पत्नी

ग परमात्मा घ घर

(vi) श्री विश्वनाथ दत्त की मृत्यु कब हुई ?

क 1884 ख 1883

ग 1885 घ 1882

(vii ) घर की ..........बहुत खराब थी, जब नरेन्द्र का विवाह नहीं हुआ था |

क दोष ख दशा

ग दीवार घ दिशा

प्रश्न 2 काव्यांश को पढ़कर ( √ ) का निशान लगाइए | (1X5 =5 )

पूरब का दरवाजा खोल
धीरे - धीरे सूरज गोल
लाल रंग बिखरता है
ऐसे सूरज आता है
गाती हैं चिड़िया सारी
खिलती हैं कलियाँ प्यारी
दिन सीढी पर चढ़ता है
ऐसे सूरज बढ़ता है
ऐसे तेज़ चमकता है
गरमी कम हो जाती है
धूप थकी सी आती है

सूरज आगे चलता है

ऐसे सूरज ढलता है

(i) कविता में कौन से दिशा का दरवाजा खोलने के लिए कहा गया है ?

| | |
|---|---|
| क पूरब | ख उत्तर |
| ग पश्चिम | घ दक्षिण |

(ii) सूरज कौन से रंग बिखेरता है ?

| | |
|---|---|
| क सफ़ेद | ख नीला |
| ग काला | घ लाल |

(iii) सूरज के ढलने पर गर्मी ........ हो जाती है |

| | |
|---|---|
| क ज्यादा | ख बहुत ज्यादा |
| ग कम | घ गायब |

(iv) 'गाती हैं चिड़िया सारी' इस पंक्ति में संज्ञा शब्द छांटकर लिखिए |

| | |
|---|---|
| क गाती | ख चिड़िया |
| ग हैं | घ सारी |

(v) ' दिन ......पर चढ़ता है

ऐसे सूरज बढ़ता है '

| | |
|---|---|
| क रात | ख आसमान |
| ग दोपहर | घ सीढ़ी |

खंड ख'

प्रश्न 3 प्रश्नों के उत्तर लिखिए | **(1x4 = 4)**

(i) हिंदी भाषा की लिपि क्या है ?

.......................................................................................................................

(ii) हिंदी भाषा में स्वर कितने हैं ?

.......................................................................................................................

(iii) <u>कोयल</u> पेड़ पर बैठी है (रेखांकित शब्द में कौन सी संज्ञा है |

.......................................................................................................................

(iv) 'माली' का स्त्रीलिंग लिखिए |

.......................................................................................................................................

प्रश्न 4 प्रश्नों के उत्तर लिखिए (1x4 = 4)

(i) पुस्तकें का एकवचन लिखिए |

...............................................................................................................

(ii) सर्वनाम के कितने भेद हैं ?

...............................................................................................................

(iii) बच्चा पढ़ रहा है | ( काल के भेद लिखिए | )

...............................................................................................................

(v) धोबिन कपड़े धो रही है | ( इस वाक्य को भविष्य काल में बदलिए | )

...............................................................................................................

प्रश्न 5 सही विकल्प पर ( √ ) का निशान लगाइए | (1X5 =5)

(i) भारत की राजभाषा क्या है ?

क अंग्रेजी ख मराठी

ग हिंदी घ गुजराती

(ii) वर्णों के सही क्रम को क्या कहते हैं ?

क वर्ण भंडार ख वर्णमाला

ग अनेक वर्ण घ एक वर्ण

(iii)संज्ञा के स्थान पर प्रयोग होने वाले शब्द क्या कहलाते हैं ?

क संज्ञा ख क्रिया

ग सर्वनाम घ विशेषण

(iv) जातिवाचक संज्ञा का उदाहरण है -

क आदित्य　　　　ख लड़का

ग भारत　　　　घ हरियाली

(v)स्त्री जाति की पहचान कराने वाले शब्द -

क पुल्लिंग　　　　ख लिंग

ग स्त्रीलिंग　　　　घ पुरुष

प्रश्न 6 सही विकल्प पर ( √ ) का निशान लगाइए |　　　　(1X5 =5 )

(i) शब्द के जिस रूप से अनेक होने का बोध हो उसे ..........कहते हैं |

क वचन　　　　ख बहुवचन

ग एकवचन　　　　घ कई वचन

(ii) भाववाचक संज्ञा का उदाहरण है -

क दर्द　　　　ख मनीषा

ग पेड़　　　　घ नदी

(iii) व्यक्तिवाचक संज्ञा का उदाहरण है -

क गंगा　　　　ख पर्वत

ग नदी　　　　घ पेड़

(iv ) प्रश्न वाचक सर्वनाम का उदाहरण है -

क आपका　　　　ख क्या

ग नाम　　　　घ है

( v ) 'मै कई लोगों से बात कर रहा था |' इस वाक्य में पुरुषवाचक सर्वनाम का उदाहरण है -

क मैं　　　　ख लोगों से

ग कई　　　　घ बात कर रहा था

खंड ग

प्रश्न 7 गद्यांश को पढ़कर सही विकल्प पर( √ ) का निशान लगाइए | (1X5 =5)

जब पापा के माता - पिता ने यह सुना कि वह आइसक्रीम बेचने वाला बनना चाहता है, तो उन्हें बहुत हैरानी हुई | उन्हें यह बात बहुत मजेदार लगी और वे खूब हँसे, लेकिन पापा इसी बात पर अड़े रहे कि वह यही काम करेंगे | फिर एक दिन रेलवे स्टेशन पर पापा ने एक अजीब आदमी को देखा | यह आदमी इंजनों और डिब्बों से खेल रहा था , लेकिन यह डिब्बे और इंजन खिलौने नहीं बल्कि असली थे | जब रेलगाड़ी अपनी यात्रा पूरी कर लेती है तो उस अगली यात्रा के लिए तैयार करना होता है रेलगाड़ी की साफ़ - सफाई की जाती है | इंजन को घुमाकर ईंधन - पानी भरा जाता है | इसे शंटिग कहते हैं | जब पापा ने कहा कि वह शंटिंग करने वाला बनेंगे तो किसी ने पूछा, " मगर तुम तो कहते थे कि तुम आइसक्रीम बेचने का काम करोगे | " पापा ने जवाब दिया " मैं आइसक्रीम बेचने वाला और शंटिंग करने वाला दोनों बनूँगा |"

(i) पापा आइसक्रीम बेचने वाला बनना चाहते यह जानकर किसको हैरानी हुई ?

क मामा -मामी | ख माता -पिता

ग दीदी - भैया | घ चाचा -चाची

(ii ) अजीब आदमी इंजनों और ..........से खेल रहा था |

क ईंधनों | ख आदमियों

ग डिब्बों | घ माता- पिता

(iii) अगली यात्रा के लिए रेलगाड़ी को तैयार करना क्या कहलाता है ?

क सजाना | ख सफाई करना

ग शंटिंग | घ डिब्बे जोड़ना

(iv) एक दिन रेलवे स्टेशन पर पापा ने किसको देखा ?

क कुत्ते | ख अभिनेता

ग अजीब आदमी | घ चरवाहा

(v) पापा कितने काम एकसाथ करना चाहते थे ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| क | दो | ख | चार |
| ग | तीन | घ | पाँच |

प्रश्न 8 प्रश्नों के उत्तर लिखिए | (2X5 =10)

क ख्वाजा साहब के अनुरोध करने पर अकबर ने किसको बुलाया और क्यों ?

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

ख 'जैसा सवाल वैसा जवाब ' पाठ से आपको क्या सीख मिलती है ?

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

ग दिनेश गेंद के बारे में क्या सोच रहा था ?

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

घ अंत में गेंद किसको मिली ?

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

ड रेलवे स्टेशन पर पापा ने किसको देखा ?

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

प्रश्न 9 सही विकल्प पर (√ ) का निशान लगाइए | (1X5 =5)

ले आओ कागज़ चमकीला ,
लाल हरा या नीला पीला ,
रंग - बिरंगा खूब रंगीला
कैंची चुटकी हाथ चलाओ
भैया मेरे जल्दी आओ
छप छप कर कूड़े से अड़ती
बूंदों लहरों लड़ती बढ़ती
सब की आँखों चढ़ती गढ़ती
नाव तैरा मुझको हर्षाओ
भैया मेरे जल्दी आओ
क्या कहते मेरे क्या बस का
क्यों ?तब फिर यह किसके बस का ?
खोट सभी है बस आलस का
आलस छोड़ो सब कर पाओ
भैया मेरे जल्दी आओ

(i) कवि भैया से कौन सा कागज मंगा रहे हैं ?

क गंदा ख साफ़

ग चमकीला घ चिकना

(ii) छप छप कर ....... से अडती , बूंदों लहरों बढती गढ़ती |

क गेंद ख कूड़े

ग नाव घ फल

(iii) आलस छोड़ने से हम क्या कर सकते हैं ?

क सब काम ख आराम

ग कुछ काम घ पढ़

(iv) कवि किसको बुला रहे हैं ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| क | भैया | ख | मामी |
| ग | दीदी | घ | चाचा |

(v) भैया में क्या खोट है ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| क | आलस | ख | लालच |
| ग | गुस्सा | घ | बेईमानी |

प्रश्न 10 प्रश्नों के उत्तर लिखिए | **(2x5=10)**

क कभी - कभी बादल जिद्दी बनकर क्या करते हैं ? ?

.............................................................................................................................

.............................................................................................................................

ख बादलों के बाल और गाल कैसे हैं ?

.............................................................................................................................

.............................................................................................................................

ग ' नाव बनाओ नाव बनाओ ' कविता में किसने बहाना किया ? और क्यों ?

.............................................................................................................................

.............................................................................................................................

घ किसकी गुल्लक हल्की है ? और किसकी गुल्लक भारी है ?

.............................................................................................................................

.............................................................................................................................

ड कवि भैया को आलस छोड़ने के लिए क्यों कह रहे हैं ?

.................................................................................................................................

.................................................................................................................................

प्रश्न 11 मिलान कीजिए | (1X5 =5 )

| | |
|---|---|
| क नाव बनाओ नाव बनाओ | क अकाल |
| ख मन के भोले - भाले बादल | ख दिनेश |
| ग किरमिच की गेंद | ग कल्पनाथ सिंह |
| घ पापा जब बच्चे थे | घ हरिकृष्ण दास गुप्त |
| ड दान का हिसाब | ड आइसक्रीम वाला |

.प्रश्न 12 दिए गए शब्दों से वाक्य बनाइए | (1X5 =5)

**( चतुर , आसमान , गेंद , इंसान , अकाल )**

क.................................................................................................................................

ख.................................................................................................................................

ग.................................................................................................................................

घ.................................................................................................................................

ड .................................................................................................................................

खंड घ'

प्रश्न 13 कोई एक कहानी लिखिए |  (5X1= 5)

.................................................................................................................................

.................................................................................................................................

.................................................................................................................................

.................................................................................................................................

.................................................................................................................................

.................................................................................................................................

.................................................................................................................................

.................................................................................................................................

.................................................................................................................................

.................................................................................................................................

.................................................................................................................................

.................................................................................................................................

.................................................................................................................................

.................................................................................................................................

.................................................................................................................................

.................................................................................................................................

.................................................................................................................................

.................................................................................................................................

.................................................................................................................................

प्रश्न 14 कविता प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार पाने पर छोटी बहन को बधाई पत्र लिखिए |

अथवा

मोबाइल के कम उपयोग की सीख देते हुए अपने छोटे भाई को पत्र लिखिए | (5X1= 5)

........................................................................................................................

........................................................................................................................

........................................................................................................................

........................................................................................................................

........................................................................................................................

........................................................................................................................

........................................................................................................................

........................................................................................................................

........................................................................................................................

........................................................................................................................

........................................................................................................................

........................................................................................................................

........................................................................................................................

........................................................................................................................

........................................................................................................................

........................................................................................................................

........................................................................................................................